श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 102, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार, 18 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## यूपी के विश्वविद्यालयों व डिग्री कॉलेजों में 23 नवंबर से लगेंगी कक्षाएं

### कक्षाओं में रोस्टर के अनुसार 50 फीसद विद्यार्थी बुलाए जाएंगे

**ऑनलाइन क्लास भी चलेंगी बाहरी लोगों व थूकने पर प्रतिबंध। अभी तक सिर्फ पीएचडी और पीजी विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों को ही पढ़ाई के लिए कैंपस बुलाया जा रहा था लेकिन अब सभी कोर्सेज के विद्यार्थियों की कक्षाएं कैंपस में लगेंगी**



**लखनऊ, जेएनएन।** यूपी के विश्वविद्यालय व डिग्री कॉलेजों में स्नातक (यूजी) और परास्नातक (पीजी) की कक्षाएं 23 नवंबर से लगेंगी। अभी तक सिर्फ पीएचडी और पीजी विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों को ही पढ़ाई के लिए कैंपस बुलाया जा रहा था, लेकिन अब सभी कोर्सेज के विद्यार्थियों की कक्षाएं कैंपस में लगेंगी। कक्षाओं में उपलब्ध स्थान को देखते हुए 50 प्रतिशत विद्यार्थी ही दो गज की शारीरिक दूरी के नियमों का पालन कर बैठाए जाएंगे। कक्षाओं का रोस्टर इस तरह तैयार किया जाएगा कि विद्यार्थी एक दिन के गैप पर बुलाए जाएंगे।

मंगलवार को अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा मोनिका एस गर्ग की ओर से उच्च शिक्षण संस्थानों को खोलने के लिए विस्तृत गाइड लाइन जारी कर दी गई। अगर उच्च शिक्षण संस्थान में हाल या कमरे बड़े भी हैं तो भी अधिकतम 200 विद्यार्थी फेस मास्क और दो गज की शारीरिक दूरी के नियम का सख्ती से पालन करते हुए ही बैठाए जाएंगे। अगर क्लास का आकार छोटा है तो उसे और सेक्शन में बांटा जा सकेगा। विद्यार्थियों को ऑनलाइन कक्षाओं को भी विकल्प दिया जाएगा। कोर्स का एक निर्धारित हिस्सा विद्यार्थी ऑनलाइन ही पढ़ेंगे और ऑनलाइन क्लासेज को बढ़ावा दिया जाएगा। बाहरी लोगों का कैंपस में प्रवेश प्रतिबंधित होगा।

कैंपस में थूकने पर भी प्रतिबंध रहेगा। अगर कोई विद्यार्थी थूकते हुए पकड़ा गया तो अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। कैंपस में प्रवेश द्वार पर विद्यार्थियों की थर्मल स्क्रीनिंग होगी और उसके बाद उन्हें प्रवेश दिया जाएगा। इंफ्रारेड थमार्मीटर के साथ-साथ पल्स ऑक्सीमीटर की भी संस्थान में व्यवस्था की जाएगी। प्रयोगशालाओं में भी विद्यार्थियों के छोटे-छोटे बैच बनाए जाएंगे, ताकि शारीरिक दूरी के नियमों का पालन किया जा सके। आइकार्ड विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी अनिवार्य रूप से पहनेंगे। बुजुर्ग, गर्भवती महिला और गंभीर रोगों से ग्रस्त कर्मचारी सीधे विद्यार्थियों के संपर्क में नहीं आएंगे। कोविड-19 से बचाव के लिए संस्थान अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों के साथ संपर्क में रहेंगे और जागरूकता के लिए टीमें बनाएंगे। कैंपस व कक्षाओं का नियमित सैनिटाइजेशन होगा।

#### हॉस्टल के कमरे में एक विद्यार्थी रहेगा, 14 दिन क्वारंटाइन

विश्वविद्यालय व कॉलेजों के हॉस्टल में विद्यार्थियों को चरणबद्ध ढंग से बुलाया जाएगा। विभिन्न स्थानों से आ रहे विद्यार्थी 14 दिन क्वारंटाइन में रखे जाएंगे। कमरे में एक विद्यार्थी ही रहेगा। वहीं मेस में भीड़ न हो इसके लिए उसका समय बढ़ाया जाएगा। डाइनिंग हॉल में छोटे-छोटे बैच बनाकर अलग-अलग समय पर छात्र भेजे जाएंगे। विद्यार्थी नकद लेन-देन नहीं कर सकेंगे।

#### जिम खुलेगा, बंद रहेंगे स्वीमिंग पूल

उच्च शिक्षण संस्थानों में जिम को खोला जाएगा ताकि विद्यार्थी कसरत कर सकें। वहीं स्वीमिंग पूल पूरी तरह बंद रहेंगे। छात्रों को प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उपाय बताए जाएंगे। वहीं मानसिक तनाव से बचने के लिए काउंसलर की व्यवस्था रहेगी। मनोदर्पण नाम से बने वेब पेज और राष्ट्रीय टोल फ्री नंबर 8445440632 पर भी ऑनलाइन काउंसिलिंग करा सकेंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय में शत प्रतिशत कक्षाएं स्थापना दिवस समारोह के बाद शुरू होंगी। स्थापना दिवस समारोह के सात दिनों तक कोई भी कक्षा एलयू में न चलाए जाने का आदेश जारी कर दिया गया है। लविवि के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। कुछ कक्षाएं जो कि कोविड प्रोटोकॉल के साथ जारी थीं, उनको भी बंद कर दिया जाएगा। ये सब कक्षाएं अब एक साथ स्थापना दिवस समारोह समाप्त होने के बाद शुरू की जाएंगी। जारी आदेश के मुताबिक विश्वविद्यालय के सभी अध्यापकों को इस दौरान छुट्टी न लेने और राजधानी में ही रहने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अपरिहार्य परिस्थितयों में ही अवकाश दिया जाएगा। जो कि बिना अनुमति नहीं मिलेगा।

## कंप्यूटर बाबा की जमानत याचिका खारिज, 28 नवंबर तक भेजा जेल



**इंदौर, राज्य ब्यूरो।** मध्य प्रदेश के इंदौर में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर आश्रम बनाने, घर में घुसकर तलवार से हमला करने और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने के आरोपित कंप्यूटर बाबा उर्फ नामदेव दास त्यागी को जिला कोर्ट ने 28 नवंबर तक जेल भेज दिया है। मंगलवार को बाबा की तरफ से जमानत याचिका भी प्रस्तुत की गई, जिसे कोर्ट ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि परिस्थितियों में कोई बदलाव नहीं हुआ है इसलिए जमानत नहीं दी जा सकती। पुलिस को मंगलवार शाम चार बजे बाबा को कोर्ट में पेश करना था, लेकिन वह दोपहर दो बजे ही उन्हें लेकर पहुंच गई। बाबा के वकील कोर्ट पहुंचते उसके पहले ही बाबा जेल भेजे जा चुके थे।

कंप्यूटर बाबा के तार इंदौर के सूचीबद्ध बदमाश रमेश तोमर से भी जुड़े हैं। इसे देखते हुए प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के दल ने मंगलवार को इंदौर के मूसाखेड़ी क्षेत्र स्थित इदरीस नगर में तोमर के चार निर्माण ढहा दिए। इनमें से एक भवन में स्कूल चलता था और दो मकान निमार्णाधीन थे। साथ ही क्षेत्र के सार्वजनिक बगीचे पर अतिक्रमण कर लगाए गए तीन मोबाइल टावर भी हटा दिए गए। बाबा और तोमर का जुड़ाव तब सामने आया था, जब पिछले दिनों जम्बूड़ी हप्सी (गोम्मटगिरि) में शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर बनाया गया बाबा का अवैध निर्माण तोड़ा गया था। वहां से एक लग्जरी कार बरामद हुई थी, जो यह गाड़ी तोमर के नाम पंजीकृत निकली। बताया जाता है कि तोमर के खिलाफ करीब 20 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### कंप्यूटर बाबा को महंगी गाड़ी मुहैया कराने वाले हिस्ट्रीशीटर के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर



**इंदौर, प्रेट्र।** मध्य प्रदेश में इंदौर जिला प्राधिकरण ने स्वयंभू भगवान नामदेव दास त्यागी उर्फ कंप्यूटर बाबा के सहयोगी के 5 सौ वर्ग फीट के अवैध निर्माण को मंगलवार को ढहा दिया। त्यागी, जिन्हें कंप्यूटर बाबा के नाम से जाना जाता है, पहले पुलिस के अवैध निर्माण के हटाने की कार्रवाई में गिरफ्तार किया था, जब जिला प्रशासन इंदौर के पास के गांव जंबूरी हापसी में 8 नवंबर को एक सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहा था। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) अजयदेव शर्मा ने बताया कि जब हमने जंबूरी हापसी में त्यागी के अवैध आश्रम को ध्वस्त किया था, तब हमने वहां से एक एसयूवी जब्त की। इस गाड़ी का उपयोग कंप्यूटर बाबा कर रहा था, यह हिस्ट्रीशीटर रमेश तोमर के नाम पर पंजीकृत है। रमेश तोमर के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, जबरन वसूली, छेड़छाड़ से जुड़े 19 मामले दर्ज हैं।

## नायडू ने कहा- नई शिक्षा नीति का लक्ष्य भारत को बनाना है विश्व गुरु



**हैदराबाद, प्रेट्र।** नई शिक्षा नीति (एनईपी) का लक्ष्य भारत को दुनिया में नालेज सुपरपावर बनाना और शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर विश्व गुरु बनाने की जरूरत को रेखांकित करना है। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने मंगलवार को कहा कि देश में प्राचीन शिक्षा प्रणाली का लक्ष्य सवार्गीण और पूर्ण विकसित व्यक्तित्व तैयार करना और लोगों को प्रकृति के साथ तालमेल रखते हुए जीने और सभी का आदर करने की शिक्षा देना था।

हैदराबाद से अगरतला में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआइटी) के 13वें दीक्षा समारोह को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा, 'हमारी शिक्षा जीवन के लिए व्यावहारिक, हितकारी और पूरक थी। नई शिक्षा नीति उसी विचार को नया आधार देती है।' उच्च शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों से भारत को ज्ञान संपन्न बनाने का अनुरोध करते हुए उपराष्ट्रपति ने विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान में अग्रणी बनने का सुझाव दिया। इसके साथ ही उन्होंने उद्योगों और अन्य समान संस्थानों के साथ तालमेल स्थापित कर हमारे परिसरों को सृजन और अनुसंधान का प्रेरक केंद्र में बदलने को कहा।

पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत एपीजे अब्दुल कलाम की युवाओं को बड़े सपने की सलाह की याद दिलाते हुए नायडू ने छात्रों से एक लक्ष्य तय करने और उसे हासिल करने के लिए कठिन परिश्रम करने को कहा।

## लोकल वकीलों के लिए वोकल हुए हाईकोर्ट बीसीआई ने कहा- यह नियम ठीक नहीं



**माला दीक्षित, नई दिल्ली।** देश मे वोकल फार लोकल पर जोर है लेकिन क्या वकीलों के मामले मे भी लोकल की अनिवार्यता लगाई जा सकती है। देश के कई हाईकोर्ट मे केस दाखिल करने के लिए लोकल वकील की अनिवार्यता है यानी केस दाखिल करने वाला वकील उस हाईकोर्ट में प्रेक्टिस करता हो। इलाहाबाद और पटना हाईकोर्ट में पहले से ही ऐसी व्यवस्था है अभी हाल में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने भी लोकल वकील की अनिवार्यता का नोटिस जारी किया है। स्थानीय वकील और हाईकोर्ट भले ही इसे सही मानते हो लेकिन लोकल वकील की अनिवार्यता को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं बार काउंसिल आफ इंडिया (बीसीआइ) इसे सही नहीं मानती।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने गत 10 नवंबर को एक नोटिस निकाला है जिसके मुताबिक हाईकोर्ट में केस दाखिल करने के लिए स्थानीय वकील अनिवार्य है। स्थानीय वकील नही होगा तो केस खामी पूर्ण माना जाएगा और उसपर सुनवाई नहीं होगी। यह नोटिस हाईकोर्ट रूल के तहत जारी हुआ है। इस पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के वकील रूपेश पटेल कहते हैं कि स्थानीय वकील का नियम पहले से था लेकिन कोरोना काल में सुनवाई वीडियो कान्फ्रेंसिंग से हो रही है। फाइलिंग भी आनलाइन हो रही है और आनलाइन फाइलिंग में इस नियम का पालन नहीं हो रहा था इसलिए हाईकोर्ट से अनुरोध किया गया था जिसके बाद यह नोटिस निकला है। यही व्यवस्था इंदौर और ग्वालियर पीठ के लिए है। रूपेश कहते हैं कि इससे कोरोना संकट काल में स्थानीय वकीलों के हित संरक्षित होंगे। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष रमन पटेल कहते हैं कि यह नियम एडवोकेट एक्ट की धारा 30 का उल्लंघन नहीं है क्योंकि हाईकोर्ट को नियम बनाने का कानूनन अधिकार है। इसमें स्थानीय वकीलों के हित संरक्षित होना एक पहलू है लेकिन इसके साथ ही मुकदमें की पैरवी में सुविधा भी होती है क्योंकि अपील के मामले में कई बार निचली अदालत से रिकार्ड नहीं आया होता, तारीख लेनी होती है ये सब काम लोकल वकील ही आसानी से करा सकता है। पार्टी को बार बार नहीं आना पड़ता।

बात सिर्फ मध्य प्रदेश की नहीं है पटना हाईकोर्ट में भी कई वर्षो से एडवोकेट आन रिकार्ड (एओआर) सिस्टम लागू है। सुप्रीम कोर्ट की तर्ज पर हाईकोर्ट एओआर परीक्षा कराता है और एओआर ही वहां केस दाखिल कर सकते हैं। इसके लिए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का सदस्य होना जरूरी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में भी कई वर्षो से एडवोकेट आन रोल की व्यवस्था है। लखनऊ पीठ में भी यही नियम है। नियम तो झारखंड हाईकोर्ट मे भी करीब 17-18 साल पहले बना था लेकिन वहां वकीलों के विरोध के कारण नियम निलंबित कर दिया गया था।

सवाल उठता है कि क्या यह सही है। बीसीआइ के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्र कहते हैं कि हाईकोर्ट मे लोकल वकील या एओआर की व्यवस्था का नियम ठीक नहीं है। यह नियम धारा 30 का उल्लंघन करता है। बीसीआइ एलएलबी करने वालों की आल इंडिया बार परीक्षा कराती है और वकील के तौर पर पंजीकृत होने के लिए इसे पास करना जरूरी है। जब बीसीआइ परीक्षा के तौर पर एक स्क्रीनिंग कर चुकी होती है तो फिर बार बार परीक्षा का क्या मतलब। वैसे भी सामान्य तौर पर 90 फीसद केस स्थानीय वकील ही दाखिल करते हैं ऐसे में अनिवार्यता का नियम बनाना ठीक नहीं है। बीसीआइ जल्दी ही सभी उच्च न्यायालयों को पत्र लिखेगी, कि किसी भी वकील को वकालत करने या केस दाखिल करने से न रोका जाए। बीसीआइ भले ही सहमत न हो लेकिन लंबे समय तक हाईकोर्ट जज रहे जस्टिस यतेन्द्र सिंह नियम की तरफदारी करते हैं। उनका कहना है कि नियम सुविधा के लिए बना है। हलफनामा या अर्जी दाखिल करने में दूसरे पक्ष को प्रति देना अनिवार्य है। जल्द सुनवाई की मांग में भी दूसरे पक्ष को नोटिस देना होता है। वकील स्थानीय नहीं हुआ तो ये किसे दें। झारखंड हाईकोर्ट के वरिष्ठ वकील वकील प्रेमचंद्र त्रिपाठी भी इसे व्यवहारिक व्यवस्था मानते हैं।

## CBI ने कथित रूप से 50 बच्चों के यौन शोषण में सिंचाई विभाग के जेई को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश में बाल यौन शोषण का मामला प्रकाश में आते ही सीबीआइ की टीम एक्शन में है। सीबीआइ की टीम ने 50 से अधिक बच्चों के यौन शोषण के मामले में मुख्य आरोपित उत्तर प्रदेश सिंचाईं विभाग के एक जूनियर इंजीनियर चित्रकूट निवासी रामभवन को गिरफ्तार किया है। चित्रकूट में तैनात उत्तर प्रदेश सिंचाईं विभाग के एक जूनियर इंजीनियर को सीबीआइ ने मंगलवार को जिला न्यायालय में पेश किया है।

मुख्य आरोपित जूनियर इंजीनियर चित्रकूट निवासी रामभवन की उम्र 40 साल से भी कम बताई जाती है। सीबीआई प्रवक्ता आरके गौड़ के मुताबिक आरोपी के खिलाफ उत्तर प्रदेश के जिला चित्रकूट समेत बांदा और आसपास के जिलों में बच्चों के यौन शोषण का आरोप है केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग के एक जूनियर इंजीनियर को कथित तौर पर करीब 50 बच्चों (पांच से 16 वर्ष तक की उम्र) के यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया है। सिंचाईं विभाग के इस जूनियर इंजीनियर पर करीब दस वर्ष से इस कृत्य को करने का गंभीर आरोप है। सीबीआइ के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि आरोपी करीब दस वर्ष से अधिक समय से इन मासूमों का उत्पीडन कर रहा था। सीबीआइ की टीमों ने चित्रकूट में जूनियर इंजीनियर तथा उसके साथियों के आवास की तलाशी ली गई। जहां से करीब आठ लाख रुपया नकद, 12 मोबाइल फोन, लैपटॉप, वेब-कैमरा और अन्य इलेक्ट्रॉनिक स्टोरेज डिवाइस जिनमें पेन ड्राइव, मेमोरी कार्ड और कई यौन टॉय मिला है। आरोपितों ने कथित तौर पर पांच से 16 वर्ष की उम्र के बच्चों को लुभाने के लिए आवास पर मिले इलेक्ट्रॉनिक सामानों और गैजेट्स का इस्तेमाल किया। चित्रकूट में तैनात सिंचाई विभाग का यह जूनियर इंजीनियर अपने विभाग के काम से अलग होकर कथित तौर पर ऑनलाइन वीडियो और फोटोग्राफ की बिक्री भी करता था। इतना इनपुट मिलने के बाद सीबीआइ की टीम तहकीकात में लग गई। सीबीआइ ने जांच में मामला पकड़ में आने के बाद इसको अपनी गिरफ्त में लिया है।

## भारत ने किया क्यूआरसैम मिसाइल का परीक्षण मारक क्षमता 30 किलोमीटर से है ज्यादा




**लावा पांडे, बालासोर।** भारत ने मंगलवार को ओडिशा के चांदीपुर के लांचिंग कांप्लेक्स थ्री से क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल (दफ्रट या क्यूआर सैम) का सफल परीक्षण किया। मिसाइल का परीक्षण ट्रक आधारित लांच यूनिट से किया गया। इसे एक ट्रक पर भी लगाया जा सकता है। यह इलेक्ट्रॉनिक काउंटर सिस्टम से लैस है। यह एयरक्राफ्ट रडार के जैमर के खिलाफ भी जाकर मार कर सकता है। इसमें ठोस ईंधन का इस्तेमाल किया जाता है। इस मिसाइल का एक सप्ताह के भीतर यह दूसरा सफल परीक्षण था। बताया गया कि इसकी मारक क्षमता 30 किलोमीटर से ज्यादा है। पहला परीक्षण चार जून, 2017 को हुआ था।

उल्लेखनीय है कि भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए तीनों सेनाओं, यानी जल, थल व वायु सेना को पूरी तरह से ताकतवर बनाने की कवायद में जुटा हुआ है। भारत क्रूज और बैलेस्टिक मिसाइलों का भी परीक्षण कर रहा है। भारत को इसमें सफलता भी मिल रही है। पहले जितने परीक्षण पूरे साल में हुआ करते थे, उससे ज्यादा परीक्षण गत दो से तीन माह के भीतर हो चुके हैं। मिसाइलों की टेक्नोलॉजी के मामले में भी भारत अब दूसरों पर निर्भर नहीं रहा। स्वदेशी तकनीक के इस्तेमाल से मिसाइलों का परीक्षण हो रहा है।

## 10वीं और 12वीं का परीक्षा शुल्क नहीं होगा माफ

**सुप्रीम कोर्ट में याचिका खारिज**



**नई दिल्ली, पीटीआइ।** सुप्रीम कोर्ट ने कोविड के मद्देनजर मौजूदा अकादमिक वर्ष में 10वीं और 12वीं कक्षा के सीबीएसइ (CBSE) छात्रों के लिए परीक्षा शुल्क माफ किए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी है। इस याचिका में परीक्षा शुल्क माफ करने के लिए सीबीएसइ और दिल्ली सरकार को निर्देश देने की मांग की गई थी, जिसे कोर्ट ने मंगलवार को खारिज कर दिया है।

जस्टिस अशोक भूषण, आर सुभाष रेड्डी और एम आर शाह की बेंच ने एनजीओ 'सोशल ज्यूरिस्ट' की तरफ से दायर याचिका खारिज कर दी है। इस याचिका में कोविड और गंभीर आर्थिक स्थिति का सामना कर रहे अभिभावकों का हवाला देते हुए फीस माफी की मांग की गई थी। याचिका में दिल्ली हाई कोर्ट के 28 सितंबर के आदेश को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अदालत सरकार को ऐसा करने का निर्देश कैसे दे सकती है। आपको सरकार को एक प्रतिनिधित्व देना चाहिए। साथ ही कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने आप सरकार और सीबीएसइ को जनहित याचिका को एक प्रतिनिधित्व के रूप में मानने और कानून, नियमों, विनियमों और मामले के तथ्यों पर लागू सरकार की नीति के अनुसार तीन सप्ताह के अंदर निर्णय लेने के लिए कहा था।

वहीं याचिका में अपील की गई थी कि COVID-19 लॉकडाउन के कारण, अभिभावकों को सैलरी ना मिलने के कारण उन्हें अपने परिवारों के लिए भोजन की व्यवस्था करना भी मुश्किल हो गया है। ऐसे में उच्च न्यायालय के आदेश से देश के 30 लाख छात्रों के लिए मुश्किल खड़ी हो गई है जिसमें से तीन लाख छात्र अकेले दिल्ली में हैं।

वकील अशोक अग्रवाल के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि या तो सीबीएसइ को परीक्षा शुल्क माफ करने के लिए निर्देशित किया जाए या फिर केंद्र सरकार पीएम केयर फंड से इस पैसे का भुगतान करे। इसके अलावा कहा गया कि दिल्ली के छात्रों के लिए आप सरकार को भी ऐसा करने के लिए कहा जा सकता है।

इसके साथ ही याचिका में 2020-21 सत्र में परीक्षा शुल्क बढ़ाए जाने का भी हवाला दिया गया है। इसके मुताबिक 2018-19 सत्र में दसवीं/बारहवीं कक्षा के छात्रों का सीबीएसइ परीक्षा शुल्क बहुत मामूली था, लेकिन वर्ष 2019-20 में सीबीएसइ ने परीक्षा शुल्क में कई गुना वृद्धि की। याचिका में कहा गया है कि वर्तमान वर्ष 2020-21 में, सीबीएसइ ने दसवीं कक्षा के छात्रों से 1,500 रुपये से 1,800 रुपये और कक्षा 12 वीं के छात्रों से 1,500 रुपये से 2,400 रुपये तक विषयों की संख्या, प्रैक्टिकल आदि के आधार पर परीक्षा शुल्क की मांग की है।

बता दें कि पिछले शैक्षणिक वर्ष में, दिल्ली सरकार ने दसवीं और बारहवीं कक्षा के सीबीएसइ के छात्रों के परीक्षा शुल्क का भुगतान किया था, लेकिन 2020-21 में उसने वित्तीय संकट का हवाला देते हुए ऐसा करने से इनकार कर दिया है। एनजीओ ने कोर्ट से शुल्क माफ करने के लिए सीबीएसइ को निर्देश देने या केंद्र को पीएम केयर फंड या किसी अन्य उपलब्ध संसाधनों से फीस का भुगतान करने का निर्देश देने की अपील की थी।

# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### मिशन शक्ति का आयोजन 30को

**करमा ।** नारी मिशन शक्ति एवम बेटी बचाओं -बेटी पढ़ाओ अभियान कें तहत 30 नवम्बर को गौहनिया स्थित एक डिग्री कालेज में सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा उक्त कार्यक्रम में निर्धन महिलाओं कों आवास का चेक देकर सम्मानित किया जाएगा । उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी राघवेन्द्र ठकुरिया होगें । श्री ठकुरिया जल, जंगल, जमीन आदि प्रमुख विषयों पर उत्कृष्ट कार्यों एवम अपने विशेष योगदान कें चलते जनपद में प्रसिद्ध हैं । कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रतिभा फाउन्डेशन की सचिव ऋचा पटेल नें मीडिया कों प्रदान की हैं।

### आराध्या फाउन्डेशन के तत्वावधान में लैपटॉप वितरण 05 दिसंबर को

**करमा ।** यमुनापार में शैक्षिक गतिविधियों कों सुचारू रूप से संचालित रखने एवम आनलाइन शिक्षा अन्य माध्यमों कों मजबूत करनें कें वास्ते गौहनिया स्थित एक महाविद्यालय में 05दिसंबर कों लैपटॉप वितरण का आयोजन का किया गया हैं । उक्त कार्यक्रम आराध्या फाउन्डेशन की तरफ से संचालित होगा ।आराध्या फाउन्डेशन विगत दो वर्षों से मिजार्पुर, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर आदि जनपदों में महिलाओं की दशा एवम दिशा में सुधार हेतु प्रयासरत हैं साथ ही विद्यार्थियों कें उज्जवल भविष्य हेतु अनेकों कार्यक्रम एवम लाभ भी उक्त संगठन से जारी हैं । उक्त कार्यक्रम की जानकारी आराध्या फाउन्डेशन की अध्यक्ष डा. आराध्या सिंह नें प्रदान की हैं ।

### सांसद के पोती के आकस्मिक निधन पर शोक

**करछना।** इलाहाबाद सांसद डा0 रीता बहुगुणा की एक लौती पोती के पटाखे से जलने के कारण गभीर रूप से झुलस गई थी जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।घटना से जहा सांसद परिवार मे शोंक की लहर है वही उनके समर्थक भी इस दुखदः घटना से हतप्रभ है मंगलवार को साधुकूटी पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए इस दुखदःघटना से उबरने के लिए सांसद के परिवार को इस दुख से उबरने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।इस दौरान शोभ नारायण द्विवेदी रामभवन द्विवेदी,उन्द्रजीत वर्मा राजीव सिंह,पंकज गोरेलाल मस्तराम,सदाशिव विमल,गोपाल मिश्र समेत दर्जनो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इसी तरह करछना मे भी शोक सवेदना व्यक्त करते हुए सांसद के पोती के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया।इस दौरान आनद सिह अमन मिश्रा,रविन्द्र सिंह अमित सिंह,रिकू सिह दादू सिह समेत दर्जनो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दो माह से बिन पानी के लोग, नहीं सुन रहे हैं अधिकारी

## लापरवाह अधिकारियों के रवैए से लोगों में भारी आक्रोश



**नैनी।** त्रिवेणी नगर व मुक्ता विहार कॉलोनी वासियों को बीते दो माह से पानी के लिए जमकर भागदौड़ करनी पड़ रही है। जल निगम से जुड़े संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों को लोगों की मूलभूत पानी जैसी समस्या से कोई मतलब नहीं रह गया है। नतीजा लोगों को पानी के लिए आसपास के क्षेत्रों में भटकना पड़ रहा है। अधिकारियों व कर्मचारियों के रवैए से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है और कभी भी उन लोगों का गुस्सा फूट सकता है। जानकारी के मुताबिक नैनी के मुक्ता बिहार व त्रिवेणी नगर मोहल्लों में जल निगम के तहत पानी की सप्लाई दी जाती है। बीते 15 सितंबर को मुक्त बिहार पार्क में स्थापित नलकूप से जुड़े मोटर कई बार जलने से पानी की समस्या उत्पन्न होती चली आ रही है। वहीं उक्त स्थान पर स्थापित एक अन्य नलकूप से जुड़े मोटर बीते दो माह से जला पड़ा हुआ है। साथ ही कम क्षमता के मोटर लगाने की वजह से लोगों को पानी के लिए सुबह शाम जहां परेशान होना पड़ रहा है, वहीं मुक्ता विहार व त्रिवेणी नगर के अंतिम छोर पर बसे सैकड़ों परिवार के लोगों को पानी की दो बूंद के लिए बीते दो माह से परेशान हैं। उक्त स्थानों के रहने वाले पूरन सिंह, विनोद राय, छेदीलाल कनौजिया, गोलू, भोलू पंत, रंजना देवी, राधा देवी, मनोरमा, सुशील कुमार समेत कई लोगों ने बताया कि 30 हॉर्स पावर मोटर की जगह 20 हॉर्स पावर की मोटर को मरम्मत कार्य कर पानी की सप्लाई दी जा रही है। वह भी त्रिवेणी नगर व मुक्ता बिहार से सटे कुछ स्थानों पर ही लोगों को पानी नसीब हो रहा है, लेकिन ऐसे सैकड़ों परिवार हैं जहां बीते दो माह से लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। नतीजा लोगों को सुबह व शाम को आसपास के क्षेत्रों में जाकर कड़ी मशक्कत के बाद पानी लाने के लिए विवश हैं। कई बार संबंधित अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक से गुहार लगाए, लेकिन नतीजा शून्य रहा। यदि पानी की घोर समस्या से निजात नहीं मिला तो लोग सड़क पर उतर कर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग के आला अफसरों की होगी।

### तीन दिन बाद भी सही नहीं हुआ मोटर, पानी के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण

**नैनी ।** अरैल क्षेत्र में स्थापित नलकूप का मोटर बीते तीन दिनों से जला पड़ा हुआ है। संबंधित विभाग के द्वारा अबतक सही न कराए जाने से ग्रामीणों को पानी की दो बूंद के लिए परेशान होना पड़ रहा है। जिससे लोगों में भारी रोष व्यक्त है। जानकारी के मुताबिक नैनी के अरैल गांव में ग्रामीणों के पेयजल के लिए नलकूप को स्थापित किया गया है। उक्त नलकूप से अरैल सहित कई अन्य गांव व मजरों में पानी की सप्लाई की जाती है। बीते तीन दिन पूर्व नलकूप से जुड़े मोटर सहित उपकरण जल गया। ग्रामीणों ने उक्त खराब हुए उपकरण को सही कराने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक से बीते तीन दिन पूर्व गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अबतक सही न होने से हजारों ग्रामीणों को पानी की दो बूँद के लिए तरसना पड़ रहा है। लोग आसपास के दूसरे गांव व मजरों में जाकर पानी लाने के लिए विवश हैं। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा महानगर के महामंत्री संजय कुमार श्रीवास्तव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराते हुए जल्द से जल्द सही कराने के लिए मांग की है और चेतावनी दी गई है कि यदि उक्त खराब हुए उपकरण को सही नहीं कराया गया तो ग्रामीणों के साथ आला अफसरों का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही जनसमस्या के मुद्दे को लेकर सूबे के मुखिया योगी आदित्य नाथ व डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को भी अवगत कराएंगे।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर नदारद रहे विभागीय अधिकारी



फरियादियों की समस्या सुनते उपजिलाधिकारी

**करछना।** मंगलवार को आयोजित सपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी विनोद पाडेय ने की, दीपावली की छुट्टी के बाद आयोजित सपूर्ण समाधान दिवस पर कई विभागीय अधिकारी भी नदारद रहे वही फरियादियो की सख्या भी कम रही जो शिकायते आई उनका मौके पर निस्तारण न हो पाने के कारण फरियादी मायूस होकर लौट गये।कई विभाग के मातहत अधिकारी न पहुचने पर उपजिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और इस तरह की सिथिलता बरतने पर नाराजगी व्यक्त की। मौके पर 88 शिकायतें आई लेकिन मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नही हो सका। इस मौके पर नायब तहसीलदार विनय द्विवेदी, बीडीओ वैशाली शुक्ला नवीन गुप्ता सहित कई फरियादी भी मौजूद रहे।

# यम द्वितीया के दूसरे दिन मेले में उमड़ी भारी भीड़



मेले में उमड़ी भारी भीड़



दुकानों पर गृहस्थी का सामान खरीदते मेलार्थी



डलिया टोपा की दुकानों पर खरीददारों की लगी भीड़

### पहले दिन की अपेक्षा दस गुणा बढ़ गई दुकाने

### पेयजल को तरसे मेलार्थी एक हैंडपंप पर हजारों निर्भर

**घूरपुर।** क्षेत्र के भीटा पहाड़ी पर लगने वाले यम द्वितीया के दुसरे दिन के मेले में क्षेत्रीय जनो के नाम रहा । मेले के दूसरे दिन क्षेत्रीय जनो की इस कदर सैलाब उमड़ा कि मेले में तिल रखने तक की जगह नही मिली। पहले दिन की मेले में पाबंद ना किए जाने की सूचना पर दूसरे दिन के मेले में दस गुणा दुकाने भी बढ़ गई। क्षेत्रीय जनो ने गृहस्थी खेतीबाड़ी आदि की जहां जमकर खरीददारी की तो वहीं बच्चो ने भी खिलौना आदि भी खरीद मेले का लुत्फ उठाया।इस वर्ष बच्चो के लिए झूले आदि की जगह नेट जंपिंग लगाई गई थी जिसमें बच्चो ने उछल कूद कर खूब मस्ती किया।

यम द्वितीया के दूसरे दिन के मेले में सुजावन देव यमुना घाट व सुजावन देव मंदिर पर भी स्नानार्थियों की देर शाम तक भीड़ जुटी रही। श्रद्धालु यमुना स्नान कर पूजा अर्चना दान दक्षिणा के बाद यमुना की धारा में पहाड़ी के उपर स्थित सुजावन देव मंदिर में जाकर भगवान शिव की दर्शन पूजा अर्चना कर मेले का लुत्फ उठाया।

मेले में सौंदर्य प्रसाधन की भी दर्जनों आकर्षक दुकाने सजी थी। जहां पर युवतिया और महिलाओं की दिन भर भीड़ जुटी रही और जरूरत की वस्तुएं जमकर खरीददारी करती रही।

### सिर्फ एक हैंडपंप के सहारे हजारो मेलार्थी पेयजल को तरसे

स्थानीय प्रशासन का किसी भी प्रकार का मेले में कोई इंतजाम नही था। जहां पूरे मेले में उड़ रहे धूल से लोग सन रहे थे वही हजारो मेलार्थी और सैकड़ो दुकानदार पेयजल की किल्लत से जूझते रहे।इतनी बड़ी भीड़ में सिर्फ एक हैंडपंप था। जहां पर दिन भर पेयजल को भीड़ लगी रही। हैंडपंप पर अधिक भीड़ देख बहुत लोग बगैर पेयजल को मेले से चले गये। सुरक्षा व्यवस्था भी नाम मात्र थी। मेले में हर समय लगभग पांच हजार लोगो की भीड़ बनी रहती थी और इतने भीड़ में सिर्फ पांच पुलिस कर्मी तैनात दिखे।

### हर हाथों और सिर पर रखे दिखे गृहस्थी के सामान

मेले में वापसी हुए मेलार्थियो के हर हाथों में और सिर पर गृहस्थी और खेतीबाड़ी के सामान दिखे। मेले में अधिकतर लोग गृहस्थी में सिलौटी, सूपा, चलनी होलसा ,बेलना, खलबट्टा,तावा, कड़ाही, कल्छुल, चाकू, कैंची बर्तन जहां खूब खरीदे गये वहीं खेतीबाड़ी में डलिया,खूरपा, हंसिया,डलिया, टोपा आदि खरीदे गये।

### करछना के देवरी कला में रामकथा में भक्तों की जुट रही भीड़

**करछना।** देवरी कलाँ गांव में जन कल्याण हेतु संचालित मानस प्रचारिणी समिति की ओर से पांच दिवसीय मानस प्रवचन वैदिक मंत्रोचार के सहित रामलीला के मंच पर स्थापित श्रीराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ सोमवार से शुरू हुआ। कथावाचक के रूप में मानस प्रवचन के व्यासपीठ पर विराजमान रहे राष्ट्रीय मानस प्रवक्ता जयप्रकाश मिश्र चंचरीक महाराज जी ने गोस्वामी तुलसी कृत रामचरितमानस पाठ के अनेक चौपाइयों के माध्यम से भगवान प्रभु श्रीराम के आदर्शों का गुणगान करते हुए सविस्तार से व्याख्यान किया । वहीं सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के संगीतज्ञ रामभोर मिश्र सहित साथियों की ओर से भजन संध्या का गायन भी हुआ। जिसे श्रोता भक्त लोग सुन भाव विभोर रहे। राम कथा के आयोजक व संयोजक देवरी कलाँ के ग्राम प्रधान मिथिलेश कुमार द्विवेदी की ओर से मानस मर्मज्ञ चंचरीक जी महाराज का माल्यार्पण करके स्वागत व अभिनंदन किया गया। साथ ही साथ उन्होंने सभी कथा प्रेमियों के प्रति आभार भी जताया । इस मौके पर बतौर मुख्य रूप से डॉ राकेश शर्मा सहित व्यवस्थापक रमाशंकर पांडेय कमलेश द्विवेदी विभव नाथ द्विवेदी सहस राम द्विवेदी मिथिलेश कुमार द्विवेदी मोहनलाल मिश्र नितिन मिश्र विजय शंकर गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे ।

# चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार, जेल



कोरांव पुलिस के गिरफ्त में चोरी की बाइक संग अभियुक्त

**कोरांव।** लूट, हत्या, छिनैती अपराधो को रोकथाम के लिए कोरांव पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार को वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दी है। गिरफ्तार युवक अजय कुमार पाल पुत्र समरजीत पाल निवासी बभनपट्टी थाना कोरांव है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक सच्चिदानंद यादव व कांस्टेबल रामवचन यादव सामिल है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, परिजनों में मचा रहा कोहराम

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के ब्योहारा गांव के समीप मंगलवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र के पुरवा खास गांव निवासी अनतेश कुमार यादव (22 ) पुत्र राम बहादुर यादव मंगलवार सुबह वह परिजनों से बिना कुछ बताए घर से निकल गया। बताया जाता है कि दोपहर में वह ब्योहारा गांव के समीप पहुंचने पर रेल की पटरियों को पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे और शव को देख कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक मृतक युवक का मानसिक हालत सही नहीं था और उसका इलाज भी चल रहा था।

# साहित्यांजलि प्रज्योदि द्वारा कवि–सम्मेलन का आयोजन

### चित्रगुप्त सर्वसमाज के आराध्य देव हैः आचार्य पं० पृथ्वीनाथ पाण्डेय

### सदियों से भटकती हुई तलाश लिखता हूँ, हवा, पानी, आँधी और बतास लिखता हूँ

**नैनी ।** 'साहित्यांजलि प्रज्योदि' और 'कायस्थ महासभा, प्रयागराज के संयुक्त तत्त्वावधान में सारस्वत सभागार, लूकरगंज में अध्यात्म और संस्कृति का दिव्य ज्योति प्रज्वलित कर, सम्पूर्ण वातावरण को आलोकित किया गया। आकाशवाणी इलाहाबाद-केन्द्र के निदेशक लोकेश शुक्ल, प्रख्यात संगीतज्ञ आर० एस० चित्रांशी, उदीयमान गायिका लक्ष्मी श्रीवास्तव तथा चर्चित तबलावादक राजेश श्रीवास्तव ने विद्या-ज्ञानदायिनी माँ शारदा, मंगलदायक गणेश तथा चराचर जगत के प्रथम न्यायकर्त्ता चित्रगुप्त की विधिवत सांगीतिक आराधना कर सभागार को संगीतमय बना दिया था।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए, भाषाविद् और समीक्षक आचार्य पं० पृथ्वीनाथ पाण्डेय ने कहा, चित्रगुप्त सर्वसमाज के आराध्य देव हैं। जनसामान्य उनकी पूजा करता हैय परन्तु आज तक नहीं जान पाया कि उनका नाम चित्रगुप्त क्यों पड़ा। हमारे वेदों ने हजारों वर्ष पहले ही बता दिया था कि जब जीव की मृत्यु हो जाती है तब कुछ समय के लिए उसका मस्तिष्क जीवित रहता है। उस समय वह अपने कर्मों को चित्र के रूप में देखता रहता है, जो कि 'गुप्त' रहता है। उसके उन कर्मों का सम्पूर्ण विवरण जिसके पास रहता है, उसे 'चित्रगुप्त' कहा गया है। मरणोपरान्त जीव की मस्तिष्कजीविता की पुष्टि विश्वविज्ञानियों ने भी की है। मुख्य अतिथि सुनीता दरबारी और विशिष्ट अतिथि पं० ब्रजभूषण शुक्ल ने सभी के प्रति मंगलकामना व्यक्त कीं।



समारोह का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि

कवि-सम्मेलन के आरम्भ में रक्त-सम्बन्धों की विडम्बना का चित्रण करते हुए युवा कवि सौरभ मुसाफिर ने एक गीत सुनाया-- पुत्र को यह ज्ञात नहीं, छिपकर पिता जी क्यों रोते हैं। कलियुग में अब श्रीराम नहीं, दशरथ वन में जाते हैं। राजेश सिंह ने सुनाया-- दर्द अन्तस् में जब पला होगा, अश्क बनकर कहीं ढला होगा। संचालक डॉ० प्रदीप चित्रांशी ने दोहा सुनाया-- एक पिता की है यही बस इतनी पहचान। झोली में भरकर सदा लाता है मुसकान।। डॉ० रवि मिश्र ने प्रेमदर्शन की अभिव्यक्ति इस रूप में की, ष्उसने फूल नहीं भेजे हैं, न प्यार जताया करती है। जब मेरी आँखें नम होती हैं, वह सागर हो जाया करती है। लोकेश शुक्ल ने सुनाया-- फजाओं में सदाएँ गूँजती यूँ, मुकद्दत हिन्द का पैगाम जैसे। आचार्य पं० पृथ्वीनाथ पाण्डेय ने सुनाया-- सदियों से भटकती हुई तलाश लिखता हूँ, हवा, पानी, आँधी और बतास लिखता हूँ। अभिषेक केसरवानी ने पढ़ा-- आँखों में चमक इतनी कैसे ये कर लिया, बिजली निचोड़ करके हाथों में भर लिया। रुस्तम इलाहाबादी ने सुनाया-- पहले जाँचा-परखा कर, फिर किसी पे भरोसा कर, वक्त से तू समझौता कर, वक्त बुरा है समझाकर। डॉ० नायाब बलियावी ने सुनाया-- जब कभी ठण्ढ पहाड़ों से उतर आती है, ये हकीकत है, गरीबों के ही घर जाती है। विपिन दिलकश ने पढ़ा-- किसी ने कहा कि दिल से तमन्ना निकालिए, मिलने-मिलाने का कोई रस्ता निकालिए। डॉ० वीरेन्द्र तिवारी ने गीत पढ़ा-- एक पल भी तुम्हारे बिना जीने की कल्पना भी नहीं, सब कुछ तुम्हारे बिना प्रार्थना भी नहीं। रामलखन चैरसिया ने सुनाया-- कोयल भागी मंच से, गर्दभ गावत फाग। हारा हंस चुनाव में, जीत गया है काग।।

समारोह की व्यवस्था में ज्योति चित्रांशी की विशेष भूमिका रही। समारोह का संयोजन रोचक दरबारी और आलोक अग्रवाल ने किया। गरिमा, नीरखी, प्रशान्त, राजू, प्रेमनारायण, तनु, पुष्पा आदि की उपस्थिति रही।

# विधायक ने फीता काट कर गधियाव की रामलीला का किया उद्घाटन

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत गधियाव की शिशु रामलीला मंचन कार्य का करछना विधायक उज्वल रमण सिंह ने फीता काट कर शुभारंभ किया, इस मौके पर उन्होंने उपस्थित कमेटी के पदाधिकारियों के बीच आपसी भाई चारा और सौहार्द बना कर एक जुटता का संदेश दिया, इसी क्रम में क्षेत्र के चर्चित समाज सेवी और गरीबों के मसीहा डाक्टर विजय बाबू यादव उर्फ पप्पू डाक्टर ने कबरा रवनिका गाँव, की गोपाल कृष्ण रामलीला और पहलवान बीर बाबा डीहा गांव की रामलीला मंचन कार्य का फीता काट कर रामलीला का शुभारंभ किया ।इस अवसर पर रामलीला मंचन कार्य के पदाधिकारियों ने विधायक उज्वल रमण सिंह के प्रति आभार जताया, इस मौके पर विजय यादव, संजय कुमार, अजय कुमार, अमित मौर्या, वासुदेव यादव, पिंटू सिंह, मनोज कुमार, मोहित यादव, श्यामा चरण, अर्जुन विश्वकर्मा सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।



करछना विधायक उज्वल रमण सिंह का स्वागत करते लोग

# ज्ञान और बल के अखण्ड भण्डार हैं हनुमान : मारुति किंकर

**हनुमानगंज।** अंजनी नन्दन अर्थात पवनसुत श्री हनुमान ज्ञान और बल के अखण्ड भण्डार हैं उनमें अदम्य शक्ति बाल्यकाल से ही बिद्यमान थी। उक्त बाते जगत्गुरू श्रीरामानुजाचार्य मानस मार्तण्ड प0 मारूति किंकर महराज ने सुदनीपुर कलां में आयोजित पांच दिवसीय मानस प्रवचन के दौरान कही। उन्हों ने कहा कि श्री हनुमान जी कलयुग के प्रत्यक्ष देवता हैं और ईश्वर तक पहुंचाने में पथदर्शक हैं इनकी आराधना करने मात्र से मनुष्य के हर संकट दूर हो जाते हैं। मानस परामर्श सेवा समिति द्वारा आयोजित मानस सम्मेलन के तीसरे दिन कथा ब्यास पवन जी महराज, द्वारिकाधीश शास्त्री, आचार्य धर्मराज शास्त्री मानस महारथी, भगवत भूषण विजय कान्त शास्त्री व्यास जी आदि कथावाचकों ने राम कथा की अमृत वर्षा से श्रोताओं को ओतप्रोत किया। कथा में प्रमुख रूप से प्रवीण कुमार द्विवेदी कथा संयोजक, आचार्य सुशील शास्त्री, अशोक कुमार द्विवेदी, शोभनारायण द्विवेदी डब्बू, अशोक दुबे, इंद्रमणि दुबे, योगेंद्र प्रसाद दुबे, राजेश सिंह, अनिल द्विवेदी, गोविन्द नारायण दुबे, देवराज सिंह, परषोत्तम दुबे, राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी सहित सैकड़ों मानस प्रेमी मौजूद रहे।

# बिरसा मुंडा आदिवासी समेत देश की शान : ठकुरिया

**करमा ।** बिरसा मुंडा एक व्यक्ति न होकर वरन विचार धारा एवम मसीहा थे जिन्होंने अंग्रेजो कों समयानुसार लोहा भी मनवाये साथ ही जल , जंगल , जमीन की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहें उक्त बातें युवा समाजसेवी राघवेन्द्र ठकुरिया नें बिरसा मुंडा की जयंती पर बतौर मुख्य अतिथि कें रूप में एक सामाजिक आयोजन कें दौरान व्यक्त किये इसके साथ ही उन्होने यह भी कहा कि 15,नवम्बर 1875 को अवतरित हुए थे।

इसीलिए आज हम और हमारे अधिकार सुरक्षित है।आगे उन्होने यह भी कहा कि 19वी सदी के भारत वर्ष के नायक ,महान, क्रान्तिकारी ,उलगुलान के जनक ,सामाजिक क्रान्ति के ,धरती आबा ,अमर शहीद ,बिरसा मुण्डा जी की जयंती समारोह के विभिन्न कार्यक्रमो मे सम्मिलित होते हुए आज अपार हर्ष का बोध हो रहा है ,आज आदिवासी समाज के जननायको ने धरती आबा के बिचारो को समाज के जन जन तक प्रचारित और प्रसारित करने के लिए जिस लगन और निष्ठा के साथ किया है वो निश्चय ही कोल आदिवासी समाज के लिए आने वाले दिनो मे एक मिशाल प्रस्तुत करेगी।




कार्यक्रम को संबोधित करते युवा समाजसेवी राघवेन्द्र ठकुरिया

# प्रयागराज हलचल

प्रयागराज बुधवार, 18 नवम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### तराव गल्ला मंडी में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

**कोरांव।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के तराव गल्ला मंडी परिसर में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया । शुभारंभ मिजार्पुर लोकसभा के वरिष्ठ समाजसेवी मनीष तिवारी ने बतौर मुख्य अतिथि किया। इस दौरान तिवारी ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से जहां एक तरफ सामाजिक समरसता का भाव बढ़ता है वहीं दूसरी तरफ क्षेत्रीय प्रतिभाओं को निखरने के लिए मौका भी मिलता है । इस तरह के आयोजनों से शारीरिक एवं मानसिक विकास भी होता है ।विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद सपा नेता प्रमोद मिश्रा पयासी ने कहा कि खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल में किसी भी तरह से ईर्ष्या की भावना धरातल पर नहीं आनी चाहिए। पयासी ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए क्षेत्र में एक खेल स्टेडियम का होना अनिवार्य है ।भाजपा जमुनापार युवा मोर्चा के जिला महामंत्री शशि द्विवेदी ने भी सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है और इस तरह के आयोजनों को करने से छिपी हुई प्रतिभाओं को निखरने का सुनहरा अवसर मिलता है ।

## पूर्व बाहुबली सांसद अतीक अहमद के साढ़ू का मकान हुआ ध्वस्त

**प्रयागराज।** पूर्व बाहुबली सांसद अतीक अहमद के साढ़ू के अवैध तीन मंजिला मकान को प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को ध्वस्त कर दिया' वह अवैध तरीके से सरकारी जमीन पर कब्जा कर मकान बनवाया था।

आपको बताते चलें कि पूर्व बाहुबली सांसद माफिया सरगना अतीक अहमद के करीबियों पर पुलिस का शिकंजा कसना शुरू हो गया है। मंगलवार को अतीक के साढ़ू मोहम्मद इमरान पुत्र मोहम्मद जई के तीन मंजिला मकान को गिराने की कार्रवाई प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को शुरू की। यह कार्रवाई शाम तक चलती रही।

अतीक अहमद के जमींदोज आवास के बगल में ही मोहम्मद इमरान का भी तीन मंजिला मकान है। इसमें करीब 15 दुकानें और 30 से ज्यादा कमरे बने होने का अनुमान है। लगभग दो से ढाई हजार वर्ग गज में बने इस तीन मंजिला मकान का नक्शा प्राधिकरण द्वारा पास नहीं कराया गया है। अवैध निर्माण होने के कारण यह कार्रवाई की जा रही है। भारी पुलिस फोर्स और प्रशासनिक अफसरों की मौजूदगी में मकान को ढहाने के लिए चार जेसीबी और एक पोकलैंड लगाई गई। प्रयागराज में माफिया सरगना अतीक अहमद के करीबियों पर शिकंजा कसने का क्रम जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को चकिया निवासी इमरान जई का मकान ढहाया जा रहा है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) की टीम के साथ मौके पर पुलिस और प्रशासन के अफसर भी मौजूद रहे। सितंबर माह में अतीक के करीबी मरियाडीह के प्रधान आबिद व उसके दामाद जैद के कब्जे से भूमि को प्रशासन ने खाली कराया था।



मकान ध्वस्त करता पीडीए का जेसीबी


## फीडर के खराबी से सैकड़ों गांव में बिजली उपभोक्ताओं के साथ खिलवाड़

**लालापुर।** क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र लालापुर से लगभग सैकड़ो गांवो को विद्युत की सप्लाई की जाती है। हाल ही मे नई मशीन लगाई गई है और नया ट्रांसफार्मर 10 टश्अ का लगाया गया है नई मशीन साल भर लगे हुए होंगे जो मशीनों की रिपेयरिंग नही की गयी।मशीनों में फाल्ट आने पर जुगाड़ सिस्टम से फाल्ट दूर कर दिया जाता है।जिससे लगातार फाल्ट बना रहता है।महीनों बीत जाने के बाद भी नहीं बना जो कि एसडीओ संजीव श्रीवास्तव ने इसके पहले खबर छपने में बयान दिए थे कि जल्द ही ठीक हो जाएगा आज कई महीनों बीत गए लेकिन फीडर अभी तक नहीं ठीक हुआ है उसकी वजह से कोई भी लाइनमैन अपने अपने फीडर में काम करता है तो पूरी क्षेत्र की सप्लाई बंद कर के की जाती है विभाग के इस लापरवाही से क्षेत्र में उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है।हाल मे बिजली विभाग ने लालापुर में कैप लगा के विजली विल की वसूली की गई और कई कनेक्शन कटे गए थे और उपभोक्ताओं ने शिकायत भी लेकिन विभाग को विजली दुरुस्त करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिख रही हैं हाल में विजली विभाग धरने पर भी बैठे थे और तीन महीने का समय भी दिया गया था कि अपने कार्य मे सुधार लाने के लिए लेकिन विजली विभाग की हालत जस की जस बानी हुई है आए से लग रहा है कि सरकार से दिया गया समय कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। गांव जाकर कनेक्शन दे रही थी लोगों ने अपनी समस्या बताएं तो बिजली विभाग ने कहा की सभी तार बदले जाएंगे लेकिन कनेक्शन देने के बाद कोई ध्यान नही दिया गया है। बिजली विभाग के उच्च अधिकारी भी उपकेंद्र का हाल देखने आये कई बार परन्तु आज तक सुधार नही हुआ। उधर नोडिहा गांव के समीप जर्जर तार ,लालापुर गांव के पास दो पोल खराब है बगल में हॉस्पिटल भी है उसी रास्ते से स्कूली बच्चों का भी आना जाना है जिसकी शिकायत एसडीओ और जेई से लेकर पोर्टल में भी की गई थी आज तक नहीं बदला गया।जिससे लेकर कभी भी कोई भी अनहोनी हो सकती है,पर विभाग है कि बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।विजली विभाग की इस लापरवाही से कही न कही उपभोक्ताओं को झेलना पड़ता है।

## सांसद रीता जोशी की पोती के निधन पर यमुनापार में शोक की लहर

**शंकरगढ़।** प्रयागराज सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी की पोती के आकस्मिक निधन पर पूरे यमुनापार में शोक की लहर है।मंगलवार की सुबह जैसे ही रीता बहुगुणा जोशी की पोती किया (8) के निधन की खबर क्षेत्र में पहुंची, लोग हतप्रभ रह गए। जानकारी की पुष्टि के लिए लोगों ने एक दूसरे का फोन घनघनाना शुरू कर दिया।

दिन में यमुनापार से भारी संख्या में लोगों ने शहर स्थित रीता बहुगुणा जोशी के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना जताई। जबकि कई स्थानों पर शोकसभा का आयोजन कर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इसी क्रम में नगर पंचायत शंकरगढ़ में शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर राम खेलावन गुप्ता, गोपालदास गुप्ता, सुधा गुप्ता, शरदचंद्र मिश्र, चतुर्भुजदास गुप्ता, सूर्यनिधान पांडेय, विपिन केसरवानी, अनूप केसरवानी, मसुरियादीन वर्मा, सतीश कुमार विश्वकर्मा, राजेश कुमार केसरवानी, सार्थक गुप्ता, लालजी गुप्ता आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में विकास खंड जसरा में विश्वनाथप्रसाद गुप्ता, आनंद जायसवाल, शंकरलाल केसरवानी (मधुकर), अर्पित श्रीवास्तव आदि ने शोकसभा आयोजित कर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। जबकि लोहगरा में भोलानाथ दुबे और नारीबारी में पूर्व प्रधान महेंद्र शुक्ल, आशाराम शुक्ल, संतोष शुक्ल, मयंक मिश्र आदि की मौजूदगी में शोकसभा आयोजित की गई। बताते चलें कि सांसद रीता बहुगुणा जोशी का यमुनापार से पुराना नाता है। यह उनके पिता की कर्मभूमि रही है।



अपनी पोती के साथ सांसद रीता जोशी (फाइल फोटो)

## रणजी ट्राफी जिला स्तरीय चयन ट्रॉयल 21 व 22 को

**प्रयागराज।** रणजी ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की सीनियर टीम का जिला स्तरीय (प्रयागराज मंडल) चयन ट्रायल 21 व 22 नवम्बर को केपी कॉलेज मैदान पर होगा। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) के संयोजक ताहिर हसन के अनुसार कोविड-19 गाइडलाइन के तहत पंजीकृत खिलाड़ियों का चयन ट्रायल चार चक्रों में होगा। रणजी ट्रॉफी टीम के ट्रायल के लिए प्रयागराज जिले से 95, मिजार्पुर 19 और प्रतापगढ़ के सात खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। 21 नवम्बर को सुबह नौ बजे से दिन में 12 बजे तक पहले चक्र में प्रयागराज जिले के 35 खिलाड़ियों का ट्रायल होगा। दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक दूसरे चक्र में प्रयागराज के अन्य 35 खिलाड़ियों का ट्रायल होगा। तीसरे चक्र में 22 नवम्बर को सुबह नौ से 11 बजे तक प्रयागराज के शेष 25 खिलाड़ी और दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक चौथे चक्र में मिजार्पुर के 19 व प्रतापगढ़ के सात खिलाड़ियों का ट्रायल होगा। खिलाड़ियों को उनके क्रम से सूचित किया जाएगा और उन्हें निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व ट्रायल स्थल पर रिपोर्ट करना होगा।

## सैकड़ों अंग्रेजों को पराजित कर वीरांगना ऊदा देवी पासी ने देश को दिलाई थी आजादी : डॉ0 जमुना प्रसाद सरोज

**सोरांव के कलंदरपुर में पासी सेवा समिति द्वारा मनाई गई वीरांगना ऊदा देवी पासी का शहीद दिवस मनाते हुए दी श्रद्धांजलि**

**जब महिलाएं घरों में रहती थी तब वीरांगना ऊदा देवी पासी ने अंग्रेजों से लड़कर दिलाई थी आजादी**

**सोरांव।** वीरांगना ऊदा देवी पासी ने अंग्रेजों से लोहा लेते हुए आजादी दिलाई है। उन्होंने अंग्रेजों से युद्व लड़कर सैकड़ों अंग्रेजों को उन्होंने अपनी तलवार से काट दिया था। ऐसी वीरांगना के प्रति पासी समाज नहीं बल्कि देश की सभी महिलाओं के लिए गर्व की बात है। उक्त बातें पासी सामज सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपना दल (एस) के प्रदेश अध्यक्ष एवं सोरांव विधायक डॉ0 जमुना प्रसाद सरोज ने सोरांव के कलंदरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित वीरांगना ऊदा देवी पासी शहीद दिवस समारोह कार्यक्रम के दौरान कहीं गई। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं घरों से नहीं निकलती थी, तब वीरांगना ऊदा देवी पासी तलवार लेकर अंग्रेजों से लड़ने के लिए निकली थीं। दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रेखा वर्मा एवं राम लखन पटेल ने अपने सम्बोंधन में कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी का देश की आजादी दिलाने में विशेष योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि 16 नवंबर 1957 में अंग्रेजों से लोहा लेते हुए नाकों चने चबवाते हुए शहीद हो गई थी। इसलिए समाज उनके योगदानों को याद रखने की जरूरत है। आयोजित कार्यक्रम में वीरांगना ऊदा देवी पासी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन कर उनके कार्यों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही कार्यक्रम में अद एस प्रदेश अध्यक्ष एवं सोरांव विधायक डॉ0 जमुना प्रसाद सरोज ने उत्कृष्ट अंक पाने वाले छात्रों को अंगवस्त्रम एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राघवेंद्र प्रताप पटेल, विजय चैरसिया, जवाहर लाल पटेल, रमेश पटेल, मान सिंह पासी, राजेश पासी, सावंत सिंह पटेल, सोरांव विधायक प्रतिनिधि संतोष पटेल, मो0 इरफान, श्याम राज पटेल, हरिशंकर पटेल, विमलेश कुमार, सुभाश चंद्र पटेल विधायक स्टेनों, अशोक केसरवानी, प्यारे लाल, नागेंद्र कुमार, दिनेश पासी समेत पीएस-3 के सदस्यगण मौजूद रहे। वहीं लोकगीत के माध्यम से गायक कलाकार रमेश पासी एवं भंवरा ग्रुप भदोही के गीतों पर दर्शकों ने जमकर आनंद उठाया।



वीरांगना ऊदा देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए

## महाप्रबंधक ने उत्तर मध्य रेलवे पर संरक्षा और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की

**महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने इनहाउस विकसित ऐप आर्बिट्रेशन ट्रैकिंग माड्यूल (ATM) और आफिसर्स रेस्ट हाउस एलाटमेंट सिस्टम (ORAS) को लांच किया**

**प्रयागराज।** मंगलवार को महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने उत्तर मध्य रेलवे के सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज, झांसी और आगरा के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे पर संरक्षा और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के प्रारम्भ में, महाप्रबंधक राजीव चौधरी द्वारा दो पूरी तरह आंतरिक प्रयासों से विकसित ऐप आर्बिट्रेशन ट्रैकिंग माड्यूल (ATM) और आफिसर्स रेस्ट हाउस एलाटमेंट सिस्टम (ORAS) को लॉन्च किया गया। आर्बिट्रेशन के लिये विकसित वेब और मोबाइल ऐप आर्बिट्रेशन ट्रैकिंग माड्यूल (ATM) आर्बिट्रेशन के लंबित मामलों की निगरानी करने और आर्बिट्रेशन मामलों के निस्तारण में तेजी लाने में सहायक होगा। ठेकेदार / आपूर्तिकर्ता आदि इस ऐप पर पंजीकरण कर सकते हैं तथा आर्बिट्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के साथ साथ अपने मामले की प्रगति को भी ट्रैक कर सकते हैं। इस वेब और मोबाइल आधारित एप्लिकेशन में उपलब्ध विभिन्न प्रबंधन सूचना प्रणाली (MIS) टूल से मौजूदा आर्बिट्रेशन मामलों के त्वरित निस्तारण एवं नए मामलों की संख्या को कम करने के लिए सिस्टम सुधार आइटम की पहचान करने में भी सहायता मिलेगी । इसी क्रम में दूसरा पूरी तरह से इनहाउस विकसित ऐप ऑफिसर्स रेस्ट हाउस अलॉटमेंट सिस्टम (ORAS) लॉन्च किया गया, जिससे उत्तर मध्य रेलवे के सभी अधिकारी रेस्ट हाउसों को ऑनलाइन आवंटित किया जा सकेगा। इस वेब और मोबाइल ऐप के माध्यम से आवेदक उत्तर मध्य रेलवे के किसी भी अधिकारी रेस्ट हाउस के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। आवेदक को आवंटन की पुष्टि इस ऐप का उपयोग करके संदेश के माध्यम से प्राप्त होगी । यह ऐप पूरी तरह से आवंटन प्रक्रिया को पेपर लेस बना देगा और अलग-अलग अधिकारी रेस्ट हाउसों में आवंटित कमरों में आक्यूपेंसी के ऑनलाइन अपडेशन से अधिकारी रेस्ट हाउसों में कमरों की उपलब्धता बढ़ेगी। महाप्रबंधक श्री चौधरी ने उप महाप्रबंधक सामान्य, उत्तर मध्य रेलवे श्री मन्नू प्रकाश दुबे और आईटी सेल की टीम द्वारा इन ऐप्स को पूरी तरह से इनहाउस प्रयासों से विकसित करने के लिये बधाई दी और नकद समूह पुरस्कार की भी घोषणा की। ये दोनों ऐप उत्तर मध्य रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट https://ncr.indianrail-ways.gov.in पर ई-ऑफिस (इन-हाउस) के तहत दिए गए लिंक के माध्यम से एक्सेस और डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं साथ ही इसके मोबाइल संस्करण के Google Play Store पर भी उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। संरक्षा समीक्षा के दौरान, कोहरे और सर्दियों के मौसम के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर चर्चा की गई। ट्रेनों में काम करने वाले चालक दल, कोहरे के दौरान संरक्षित संचालन के दृष्टिगत नवीनतम नियमों और दिशानिर्देशों से लैस हैं, यह सुनिश्चित करने के लिए सभी चालक दलों कि मार्च -2021 तक होने वाली रेफ्रेशर प्रशिक्षण को पहले ही पूरा किया जा चुका है। महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने आगाह किया कि कोहरे ने दस्तक दे दी है और कहा कि कोहरे के दौरान संरक्षित और कुशल संचालन और रखरखाव के नियमों और निर्देशों का अनुपालन बिना किसी अपवाद के सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान रेलवे पटरियों के अनधिकृत क्रॉसिंग पर अंकुश लगाने के लिए मण्डलों द्वारा किए गए प्रयासों पर भी चर्चा की गई। महाप्रबंधक श्री चौधरी मण्डलों को निर्देशित किया कि पुर्ण रूप बंद किये जा चुके लेवल क्रासिंग गेटों से ट्रेसपासिंग की सम्भावना को समापत करने के लिये उन लेवल क्रासिंगों पर बने सड़क मार्ग की सतह को पूरी तरह से नष्ट कर दिया जाये। उन्होंने फुट-प्लेट निरीक्षण और ट्रैक की पेट्रोलिंग के दौरान ट्रेसपासिंग के स्थानों की पहचान करने और ऐसे स्थानों पर ट्रेसपासिंग को रोकने के लिए तत्काल उपाय करने हेतु मण्डलों को निर्देशित किया।

## शंकरगढ़ में चोरों का आतंक, एक साथ तीन स्थानों पर चोरी से हड़कंप

**शंकरगढ़।** ठंड के शुरू होते ही चोरी की घटनाओं में इजाफा होने लगा है। लोगों के समय से पहले घरों में दुबक जाने का फायदा उठाते हुए चोरों ने बीती रात तीन स्थानों से हजारों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की तीनों घटनाएं शंकरगढ़ थाना क्षेत्र की हैं।

जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ कस्बे के वार्ड संख्या सात, मोदीनगर निवासी मनोज कुमार विद्युत विभाग में मीटर रीडर के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में मनोज कुमार ने बताया कि सोमवार की शाम उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल दरवाजे पर खड़ी की थी। मौका मिलते ही चोरों ने पार कर दिया। किसी कार्य से वह घर से बाहर निकले तो बाइक गायब देख घटना की सूचना दी।

दूसरी घटना कस्बे के ही शिक्षक नगर की है। यहां के रहने वाले महीप सिंह ने वार्ड संख्या पांच, कनकनगर में एक नये मकान का निर्माण करवाया है। उस मकान में गृह प्रवेश भी हो चुका है, लेकिन अभी वहां कोई रहता नहीं है। बीती रात चोरों ने नये मकान का ताला तोडकर गैस सिलेंडर, बर्तन, कुसियों सहित हजारों रुपये के अन्य सामानों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की तीसरी घटना कस्बे के ही सेननगर की है। यहां पर स्थित एक निजी दूरसंचार कंपनी के टावर का ताला तोडकर चोरों ने कीमती उपकरण आदि पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस तीनों मामलों की पड़ताल कर रही है।

## सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष डॉ. नूर आलम हुए सुपुर्दे खाक



अंतिम यात्रा में उपस्थित लोग

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष डॉ. नूर आलम का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को निधन हो गया था। मंगलवार को सुबह 10 बजे उनके करैली स्थित आवास से अन्तिम यात्रा में विभिन्न दलों के लोग शामिल हुए। घर के पास पार्क में नमाजए जनाजा पढ़ाई गई। इसके बाद उनकी मय्यत को करेली स्थित काला डांडा कब्रिस्तान मे सुपुर्दे खाक किया गया। समाजवादी पार्टी के महानगर मीडिया प्रभारी सैयद मोहम्मद अस्करी के मुताबिक डॉ. नूर आलम हृदय रोग से पीड़ित थे। कुछ दिनों से पैर में फ्रैक्चर होने के कारण घर पर ही इलाज करवा रहे थे। नूर आलम वर्तमान मे प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के प्रदेश महासचिव के पद पर थे। इससे पहले 1995 में समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष बने। वह तीन बार महानगर अध्यक्ष रहे। उन्होंने समाजवादी जनता पार्टी (चन्द्रशेखर) से 1991 में शहर पश्चिमी से विधान सभा चुनाव भी लड़ा था। उनके निधन पर तमाम पार्टी के नेताओं ने शोक प्रकट किया। उनकी अन्तिम यात्रा में विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं व सामाजिक लोगों ने शिरकत करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, पूर्व सांसद धर्मराज पटेल, पूर्व विधायक हाजी परवेज अहमद, पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना, मंसूर आलम, कांग्रेस नगर अध्यक्ष नफीस अन्वर, तारीक सईद अज्जू, मो.शहाब, प्रसपा प्रदेश सचिव शमशाद अहमद, महबूब उसमानी, महावीर यादव, जिलाध्यक्ष मोहम्मद इसराइल, वजीर खाँ, मोहम्मद गौस, एआईएमआईएय नेता अफसर महमूद, इफ्तेखार अहमद मंदर, इसरार अन्जुम, महेन्द्र निषाद आदि रहे।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर सपा कार्यालय में बैठक

**शिक्षा मित्रों, वित्त विहीन शिक्षकों को न्याय, रोजगार, पुरानी पेंशन बहाली आदि होगा सपा का एजेंडा : डॉ मान सिंह यादव**

**प्रयागराज।** स्नातक निर्वाचन क्षेत्र इलाहाबाद, झांसी से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार डॉ मान सिंह यादव को विजयी बनाने के लिए सपा नेताओं ने आज पार्टी कार्यालय जॉर्ज टाउन में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर विचार विमर्श किया। नामांकन के बाद प्रयागराज पहुंचने पर सपा के जिला कार्यालय जॉर्ज टाउन में जिला एवं महानगर इकाई के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लादकर डॉ मान सिंह यादव का जोरदार स्वागत किया। डॉ मान सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा मित्रों, वित्त विहीन शिक्षकों को न्याय, बेरोजगारों को रोजगार और पुरानी पेंशन योजना की बहाली, कर्मचारियों की भांति शिक्षकों को भी चिकित्सकी सुविधा, आँगन बाड़ी, शिक्षा प्रेरक, रोजगार सेवक, कम्प्यूटर शिक्षकों के नियमितीकरण, जीव विज्ञान छात्रों को विज्ञान विषय में शामिल कर भर्तियों में लाभ देने आदि मुख्य मुद्दे होंगे। समाजवादीपार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में समाजवाद के रास्ते पर चलकर इन वर्गों के हितों को लेकर संघर्ष करते रहेंगे और आगामी 2022 में सपा की सरकार बनते ही इन मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय होगा।

अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव ने कहा कि सपा ने अपनी सरकारों में हमेशा ही इन कर्मचारियो के लिए ठोस कदम उठाए हैं और आगे भी जारी रहेगा। उन्होने कहा कि भाजपा शासन में सर्वाधिक कर्मचारी वर्ग परेशान हैं। शिक्षा मित्रों, बेरोजगारों को आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। बेरोजगारों को रोजगार और पुरानी पेंशन की बहाली के लिए आन्दोलन रत लोंगो को पुलिस की लाठियां खानी पड़ी है । सपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि ब्लाक स्तर पर चुनाव संचालन समिति बनाकर चुनाव को संचालित किया जाएगा।

महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन ने कहा कि कि भाजपा के प्रत्याशी पिछले दो दशक से विधानपरिषद की इस कुर्सी पर बैठे हुए हैं लेकिन वित्त विहीन शिक्षकों, शिक्षा मित्रों को न्याय, बेरोजगारों को रोजगार और पुरानी पेंशन योजना की बहाली में फेल साबित हुए हैं।

पूर्व सांसद धर्म राज पटेल, पूर्व मंत्री हीरामणि पटेल, रामानंद भारती, पूर्व महानगर अध्यक्ष के के श्रीवास्तव, पूर्व प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह, श्यामलाल पाल, डॉ राम करन निर्मल आदि वक्ताओं ने बिहार में भाजपा द्वारा किए गए चुनावी खड़ यंत्र का उत्तर प्रदेश के इस चुनाव में करारा जवाब देने को कहा है।

बैठक में पूर्व विधायक गण हाजी परवेज अहमद, सत्य वीर मुन्ना, श्रीमती विज्मा यादव, डॉ एस पी सिंह, जिला महासचिव संदीप पटेल, रवि मिश्रा, गुलाब सिंह, गीता पासी, कृष्ण मूर्ति सिंह, इंद्र नाथ मिश्रा, जीत लाल पासी, दूध नाथ पटेल, राम सुमेर पाल, अनिल यादव, रवींद्र यादव, महावीर यादव, रामदेव निडर, इसरार अंजुम, मंसूर आलम, डॉ देवी सिंह पटेल, श्रीमती कमला यादव, सत्य भामा मिश्रा, मंजू यादव,नाटे चौधरी, संजू यादव, दान बहादुर मधुर, मो अस्करी, महबूब उस्मानी, कुल दीप यादव, सुरेश यादव, हृदय मौर्य, बृज लाल, सुभाष यादव , अमर सिंह, सुनील अहमद, लल्लन सिंह, पप्पू यादव, आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



एमएलसी चुनाव को लेकर बैठक में उपस्थित सपा कार्यकर्ता

## संक्षेप समाचार

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रिक्त सीटो में प्रवेश हेतु बदला समय

**कौशाम्बी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिराथू एवं मंझनपुर में रिक्त सीटो में प्रवेश हेतु राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 अलीगंज लखनऊ के द्वारा अन्तिम तिथि 20.11.2020 निर्धारित की गयी है इस क्रम में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपने आनलाइन फार्म तथा रैंक के विवरण के साथ नोडल संस्थान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिराथू–कौशाम्बी में दिनांकः 19.11.2020 को पूर्वान्ह 12:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें।अन्तिम सूची दिनांकः 20.11.2020 दिन शुकवार को सुबह 10.00 बजे तक संस्थान के सूचना पट पर चस्पा कर दी जायगी तथा 20.11.2020 को नियमनुसार प्रवेश कार्य सम्पन्न किया जायेगा।

### आवास दिलाए जाने की सीडीओ से गुहार

**कौशांबी।** विकासखंड मंझनपुर के ग्राम सभा लहना के तीरथ ने मुख्य विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांव में तमाम लोगों को आवास दिया गया है लेकिन उसके पास रहने के लिए आवास नहीं है इसके बाद भी उसका नाम आवास सूची मैं नहीं रखा गया है शिकायतकर्ता ने गांव के कुछ लोगों का नाम बताते हुए कहा कि इन्हें 2002 बीपीएल सूची के हिसाब से पहले भी आवास मिल चुका है और इसको दोबारा आवास दे दिया गया है।

### मासिक बैठक सम्पन्न

**कौशाम्बी।** मंझनपुर विधानसभा के कार्यालय पश्चिम सरीरा में मंझनपुर विधानसभा अध्यक्ष दीपक सिंह पटेल के नेतृत्व में अपना दल विधान सभा की मासिक बैठक हुई जिसमें आगामी चुनाव के बारे में ग्राम पंचायत जिला पंचायत पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में जिले के विधानसभा सेक्टर जोन एवं बूथ तक के कार्यकर्ता मौजूद रहे जिसमें आरके सिंह पटेल ज्ञान सिंह पटेल करण सिंह पटेल राजभान सिंह पटेल सुरेश चंद्र कोरी जयचंद सिंह पटेल सोनू विश्वकर्मा अवधेश यादव अनूप सिंह दिनेश सिंह पवन पटेल रामदास सरोज आदि मौजूद रहे।

## प्रेमिका के वियोग में युवक ने की आत्महत्या

### मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसा गांव में बीती रात हुई घटना

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसा गांव में प्रेमिका की सगाई दूसरे युवक के साथ हो जाने पर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है युवक के आत्महत्या की जानकारी मिलने पर परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे हैं मामले की सूचना मंझनपुर पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने युवक के लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटनाक्रम के मुताबिक अरविंद कुमार उम्र 22 वर्ष पुत्र रामनरेश का प्रेम प्रपंच एक बालिका से चल रहा था लेकिन बालिका के परिजन अरविंद के साथ उसकी शादी करने को तैयार नहीं हुए और बालिका की सगाई की रस्म परिजनों ने दूसरे युवक के साथ कर दी इस बात की जानकारी अरविंद को लगी और वह अपने प्रेमिका के वियोग में बौखला गया और आधी रात को घर के भीतर कमरे में चुल्ले में फंदा डालकर आत्महत्या कर लिया है परिजनों को घटना की जानकारी सुबह हुई तो आनन-फानन में परिजनों ने लाश को नीचे उतार लिया है मामले की सूचना मंझनपुर कोतवाली पुलिस को दी है मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है युवक की मौत के बाद उसके घर में कोहराम मचा हुआ है।



युवक की आत्महत्या के बाद रोते बिलखते परिजन।

### शौच को गया वृद्ध अचानक लापता

**कल्यानपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर गांव का एक बृद्ध सुबह शौंच को गया था लेकिन वह व्यक्ति वापस नही लौटा उसके लापता होने पर परिजन परेशान हो उठे है और थाना कोखराज पुलिस को सूचना दी है। जानकारी के मुताबिक कल्यानपुर बाजार के महेश प्रसाद प्रजापति उम्र 60 वर्ष सोमवार की सुबह शौच करने खेत की ओर गए थे लेकिन उनके वापस घर न आने पर परिवार के लोगों ने काफी खोजबीन की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला जिस पर परिवार के लोगों ने पुलिस चौकी टेडी मोड़ को लिखित प्रार्थना पत्र दिया है।

## मानवाधिकार परिषद की बैठक हुई संपन्न

**कौशांबी।** जनपद मंझनपुर मुख्यालय के समदा में मानवाधिकार परिषद की बैठक की गई। प्रयागराज मंडल संगठन मंत्री लवलेश कुमार के द्वारा सभी पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही साथ सभी पदाधिकारी को मानवाधिकार परिषद संगठन में जोड़ कर यह कहा गया कि देश प्रदेश में हो रहे जुर्म अत्याचार भ्रष्टाचार भू माफिया ग्राम प्रधानों का भ्रष्टाचार महिला उत्पीड़न, अन्याय गरीब मजलूम असहाय लोगों की मसीहा को देखते हुए आदि जैसे तमाम समस्याओं से जूझ रहे असहाय पीड़ित लोगों की मदद करने के लिए हमारा संगठन हमेशा तैयार रहेगा। इस संगठन को लेकर सभी पदाधिकारी गणों ने दृढ़ निश्चय लिया है असहाय पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम करेंगे और प्रशासन की कानूनी तौर से मदद करेंगे इस मौके पर प्रयागराज मंडल के मंडल अध्यक्ष अरुण मिश्रा ,मंडल उपाध्यक्ष सगीर अहमद, मंडल महासचिव धर्मेंद्र दिवाकर, मंडल संगठन मंत्री लवलेश कुमार, मंडल प्रवक्ता समीर अहमद, मंडल सचिव अतीक अहमद, मंडल सचिव कमलेश दिवाकर, मंडल सदस्य रंजीत कुमार विश्वकर्मा, मंडल सचिव गुलाब सिंह, मंडल सचिव सुधीर कुमार, मंडल सचिव मान सिंह यादव, राम प्रसाद गुप्ता, मोहम्मद आरिफ, अनिल कुमार विश्वकर्मा, राम चंद्र केसरवानी आदि लोगों की मौजूदगी में बैठक संपन्न हुई।

### यातायात पुलिस द्वारा कालेज में की गई गोष्ठी

**भरवारी कौशाम्बी।** भवन्स मेहता कालेज भरवारी में यातायात माह के तहत यातायात पुलिस द्वारा कालेज में गोष्ठी की गई जिसमे छात्र छात्राओं व अध्यापकों को राजमार्ग पर पैदल साइकिल मोटरसाइकिल चार पहिया वाहन से चलते समय बरती जाने वाली सावधानियों पर चर्चा की गई।

### शामिल होंगे पूर्व कैबिनेट मंत्री

**कौशाम्बी।** सपा एमएलसी प्रत्याशी के लिये शिक्षक सभा मे पूर्व कैबिनेट मंत्री व सपा राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज.शामिल होंगे मंझनपुर समदा स्थित ए. एस.बी. इन्टर कॉलेज में सपा प्रत्याशी मानसिंह यादव के लिए कार्यकताओं व वोटरों को वह संबोधित करेंगे।

## मतदाता पंजीकरण का साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में हुआ शुभारम्भ

### 01 जनवरी 2021 को जो व्यक्ति 18 वर्ष की आयु के हों मतदाता अवश्य बनें, दावे और आपत्तियां 22 व 28 नवम्बर एवं 05 व 13 दिसम्बर को चलाया जायेगा विशेष अभियान ःडीएम

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण के सम्बन्ध में आज साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार द्वारा मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कालेज की छात्राओं, स्टाफ एवं आमजन मानस को सम्बोधित करते हुये कहा कि युवा मतदाताओं के मतदान करने से लोकतंत्र मजबूत होगा, जो युवा मतदाता अर्हता तिथि दिनांक 01.01.2021 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेगें वह अपना नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से अंकित कराये और भविष्य में होने वाले चुनाव में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाये। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि आपके मताधिकार से ही प्रत्याशी के भाग्य का फैसला होगा इसलिये मतदान करते समय किसी भी प्रत्याशी के भय या प्रलोभन में आकर अपने मतदान का दुरूपयोग कदापि न करें और निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची में जिन मतदाताओं का नाम त्रुटिपूर्ण अंकित हो गया है इस दौरान वह अपने त्रुटिपूर्ण नाम का संशोधन भी करा सकते है। उन्होने बताया कि फार्म-6-पहली बार मतदाता या किसी एक निर्वाचन क्षेत्र से किसी अन्य एक निर्वाचन क्षेत्र में स्थानान्तरण के कारण निर्वाचक नामावली में नाम को सम्मिलित करने के लिये आवेदन, फार्म-6क-किसी भारतीय प्रवासी व्यक्ति द्वारा निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किये जाने के लिये आवेदन, फार्म-7-मृत्युध्स्थान परिवर्तन के कारण निर्वाचक नामावली में अपना नाम हटाने हेतु, फार्म-8-निर्वाचक नामावली में प्रविष्टि विशिष्टियों को शुद्ध करने के लिये आवेदन, फार्म-8क-निर्वाचक नामावली में प्रविष्टि को अन्यत्र मतदेय स्थल पर रखने के लिये आवेदन (एक निर्वाचन क्षेत्र में निवास स्थान को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित करने के मामले में) कर सकते है।




जिलाधिकारी ने किया मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ



श्रीमदभागवत कथा के पूर्व निकाली गई कलश यात्रा।

## श्रीमद्भभागवत कथा के पूर्व निकाली गई कलश यात्रा

**प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर क्षेत्र के शिवबोझ मे श्रीमदभागवत कथा के पूर्व कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा की शुरूआत कथा स्थल से शुरू हुई। मांगलिक यात्रा में महिलाओं द्वारा सिर पर मंगलकलश रख और मंगलगीत गाते देखा गया। वहीं श्रद्धालु भक्ति संगीत के धुन पर थिरकते अबीर गुलाल उड़ाते भी मगन दिखे। भक्तों ने कलश यात्रा के दौरान मन्दिर मे भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। इस मौके पर कथा ब्यास पं. जगदंबा प्रसादाचार्य जी महाराज, मुख्य यजमान राममूर्ति मिश्र एंव चन्द्र कली देवी तथा कथा के संयोजक इ. अरुण कुमार मिश्र, विजय कुमार मिश्र, पवन मिश्र प्रवक्ता स्वामी करपात्री इ.कालेज, अजय मिश्र ने किया । इस दौरान राममूर्ति मिश्र पूर्व प्रधान लिपिक ज.न.इ.का. ढिंगवस आलोक,अतुल, अव्यांश आदि बहुत से भक्त मौजूद रहे ।

### भगवान ने धरती को पाप के भार से मुक्त कराने के लिए लिया लोकावतार : कथा ब्यास

प्रतापगढ़। क्षेत्र के मुकुंदपुर, होलागढ़ गांव मे अवधेश नारायण त्रिपाठी के यहां चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के तहत मंगलवार को श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या मे कथाश्रवण का आनंद उठाया। कथा के दौरान वृंदावन से पधारे अभिनंदन महाराज ने कथा के दौरान कहा कि भगवान ने जब - जब पृथ्वी पर आसुरी शक्तियों का प्रभाव बढ़ा तब - तब विभिन्न लोकावतारों मे पाप का संहार कर धरती को भार से मुक्त बनाया है। कथा ब्यास ने बताया कि भगवान कृष्ण की सोलह लीलाएं तथा रामचरितमानस मे पार्वती जी का भगवान शंकर से सोलह प्रश्न और बाल्मीकि रामायण मे भी सोलह प्रश्नों का तात्पर्य राम व कृष्ण के संसार को सुख एवं वैभव प्रदान करने के लिए नीति का पथ प्रदर्शन किया जाना है। कथा के दौरान ब्यास पीठ से अभिनन्दन महाराज जी ने सुदामा चरित्र के मनोहारिक कथा मे भक्त एंव भगवान तथा मित्र के प्रति मित्र के प्रेम को कथा के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को विस्तार से बताया ।कथा का संयोजन एंव व्यवस्था संदीप त्रिपाठी ने किया ।इस दौरान विष्णु मोहन, कृष्ण मोहन, सौरभ, गौरव, अभिषेक, हरि मोहन, सुयश,राहुल, डा.राजमणि, मुकुन्द मोहन, सूर्यमणि, श्याम मोहन, हर्षमणि त्रिपाठी, अनिल, सुनील, आनन्द मोहन, चन्द्रमणि त्रिपाठी, आलोक, उत्कर्ष, रजनीश, निष्कर्ष, अविरल, सिद्धांत, उद्धव, अक्षत, सुयश त्रिपाठी सहित भारी संख्या मे श्रद्धालुओं के साथ ही परिवार के सदस्य मौजूद रहे जिन्होने शासनादेश एंव स्वास्थ्य विभाग के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए श्रीमद्भागवत कथा के ज्ञान रुपी अमृत का रस पान किया।

## ब्रह्मदेव जागरण मंच का पंचायतो में हुआ विस्तार

### समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मजबूती देना हम सबका उद्देश्य : विजय राज

**प्रतापगढ़।** ब्रह्मदेव जागरण मंच की ओर से सण्डवा चन्दिका ब्लाक के मां चन्दिकन देवी धाम में सोमवार को ग्राम पंचायत स्तर पर गठन करते हुए कुल 10 ग्राम पंचायत अध्यक्षो का मनोनयन किया गया। इस दौरान संगठन के ब्लाक अध्यक्ष पं0 विजय राज ओझा ने कहा कि राजनीति की भावना से कोसों दूर रहकर समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मजबूती देना ही हम सभी का उद्देश्य है । ब्लाक महामंत्री पं0 अरूण कुमार त्रिपाठी , ब्लाक धर्मार्थ मंत्री समर नाथ पाण्डेय जिला संरक्षक पं0 राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय आदि ने बैठक को सम्बोधित किया । इस मौके पर जिन 10 ग्राम पंचायतों के अध्यक्ष का मनोनयन किया गया उसमें भदौसी में पं0 दुर्गेश पाण्डेय, बण्डा खुटार में पं0 विश्व नाथ शुक्ल, सण्डवा चन्दिका में पं0 नन्द लाल ओझा व महामंत्री पं0 सत्य प्रकाश मिश्र, टाउन एरिया मे पं0 कमला कान्त मिश्र , कपासी अन्तु देहात में पं0 उमेश चन्द्र शुक्ल , जोगीपुर में पं0 जितेन्द्र कुमार पाण्डेय व महामंत्री पं0 शैलेन्द्र कुमार मिश्र, रेवी रजानी पुर में पं0 शिव प्रसाद तिवारी व महामंत्री पं0 आनंद दुबे , मवैया में पं0 कृष्ण कुमार पाण्डेय , शिवराजपुर में पं0 अखिलेश कुमार ओझा , रामपुर प्राण ( रजवाडी) में पं0 अनिल कुमार पाण्डेय व महामंत्री पं0 राम मिलन मिश्र, को मनोनीत किया गया।



ब्रह्मदेव जागरण मंच का विस्तार के अवसर पर बैठे मंच के अधिकारी व सदस्य

### बाइक की टक्कर से मां–बेटी घायल

**कंधई, प्रतापगढ़।** तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से दवा लेकर घर लौट रही साइकिल सवार मां-बेटी सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। कंधई थाना क्षेत्र के सराय भवानी निवासी बग्गड़ की पत्नी सरिता (35) मंगलवार को अपनी बेटी नेहा के साथ साइकिल पर पीछे बैठकर उड़ैयाडीह बाजार दवा लेने गई थी। घर लौटते समय पट्टी-रानीगंज रोड पर पूरे धना चैराहे के पास रानीगंज की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में सरिता के दाहिने पैर में फ्रैक्चर हो गया। बेटी मामूली रूप से घायल हो गई।

**विवाद में मारपीट, दो घायल**

**पट्टी।** के रामपुर बेला निवासी गंगाधर उर्फ बबलू और संजय के परिजन मंगलवार सुबह खेत में पानी भरने के विवाद में आपस में भिड़ गए। मारपीट में एक तरफ से गंगाधर व दूसरी तरफ से संजय घायल हो गया। थाने पहुंचे दोनों पक्ष के लोगों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाया है।

### अश्लील टिप्पणी करने के विरोध पर पीटा

**प्रतापगढ़।** महिला संगीत में शामिल होने गई युवती पर अश्लील टिप्पणी करने का विरोध करने पर पड़ोसियों ने भाई-बहन की पिटाई कर दी। थाने पहुंचे पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पट्टी थाना क्षेत्र के दशरथपुर निवासी एक युवक ने बताया कि सोमवार शाम उसकी बहन पड़ोसी के घर आयोजित महिला संगीत कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। इस दौरान पड़ोस की महिला ने युवती पर अश्लील टिप्पणी कर दी। विरोध करने पर महिला ने परिजनों के साथ मिलकर युवती व उसके भाई की पिटाई कर दी। उस समय लोगों ने बीचबचाव कर दिया था। मंगलवार सुबह खेत में काम करने गए युवती के भाई को आरोपितों ने दोबारा पीट दिया।

## आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ का मुकदमा

**सगरासुन्दरपुर, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियो के खिलाफ बलवा तथा घर मे घुसकर मारपीट व तोडफोड को लेकर क्रास केस दर्ज किया है। कोतवाली के छोटी पयागीपुर निवासी रामनरेश सरोज की पत्नी ज्ञानमती ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती पन्द्रह नंवबर को रंजिशन गांव के शिवलाल, अजय प्रताप, विजय प्रताप, कंचन, किरन, मझिला ने एकराय होकर लाठी डंडे से पीडिता व उसके परिवार के सदस्यो को मारपीट कर चुटहिल कर दिया। विरोध करने पर आरोपी घर के अंदर घुस गये और वहां भी गाली गलौज तथा मारपीट करते हुए गृहस्थी के सामान तोडकर नष्ट कर दिये। आरोपियो ने शिकायत करने पर पीडिता को जानलेवा धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी शिवलाल समेत आधा दर्जन के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट समेत कई गंभीर धाराओ मे सोमवार की रात केस दर्ज किया है।

### महिलाओं से अश्लीलता करने वाले को पकड़ा

**कुंडा प्रतापगढ़।** राह चलती महिलाओं व छात्राओं को देखकर अश्लीलता करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया। शांति भंग में पाबंद करने के साथ उसका चालान किया। कुंडा के पनाहनगर बरई के रजत विश्वकर्मा के खिलाफ गांव के लोगों ने शिकायत कर बताया कि वह राह चलती महिलाओं व छात्राओं को देखकर अश्लील गाने गाता है। अश्लील हरकत भी करता है। पुलिस कई दिन से उसकी दिनचर्या पर नजर रखे थी। रजत की हरकतों की शिकायत सही मिलने पर पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई की।

### क्राइम ब्रान्च मे तैनात दरोगा की बाइक फुर्र, केस

**प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों ने क्राइम ब्रांच मे तैनात दरोगा की ही बाइक पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने दरोगा की बाइक फुर्र हो जाने पर अज्ञात के खिलाफ सोमवार की देर रात चोरी का केस दर्ज किया है। जिले के क्राइम ब्रांच मे तैनात दरोगा हरिनंदन ओझा पन्द्रह नवंबर को सरकारी कामकाज से स्थानीय तहसील आये थे। लालगंज तहसील परिसर से अज्ञात बदमाशो ने दरोगा की बाइक उडा ली। दरोगा की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ है। इधर कस्बे मे फिर एक बार बाइक चोरी की वारदातें बढ़ती देखी जा रही है। सीएचसी परिसर से भी मंगलवार को बाइक चोरी की घटना को लेकर हडकंप मचा दिखा।

### किशोरी बरामद, युवक पुलिस को चकमा देकर भागा

प्रतापगढ़ ।दस दिन पहले भगा ले जाई गई किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया। आरोपित युवक पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।कुंडा के रय्यापुर की एक किशोरी को गांव का ही चन्द्रशेखर उर्फ पुत्तन झांसा देकर घर से भगा ले गया था। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस चन्द्रशेखर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी। मंगलवार को भोर में पुलिस गश्त पर थी। इसी दौरान आरोपित किशोरी के साथ कुंडा बाईपास पर गयासपुर मोड़ के सामने कहीं भागने के प्रयास में खड़ा था। पुलिस के पहुंचते ही वह भाग निकला। किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया। किशोरी को पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है।